# कार्यालय निदेशक नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ

पत्रांक 221 /व0प्रा0सप्ताह (कैम्प)/जू                                   दिनांकः 15 सितम्बर, 2020

सेवा में,

प्रिंसिपल/मैनेजर
समस्त विद्यालय
जनपद– लखनऊ

**विषय– नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ में वन्य प्राणि सप्ताह (दिनांक 01 से 07 अक्टूबर, 2020) का आयोजन।**

प्रिय महोदय/महोदया

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ में वन्य प्राणि सप्ताह (दिनांक 01 से 07 अक्टूबर, 2020)आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। कोविड–19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुये प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा विद्यालयों के छात्र/छात्राओं हेतु वन्य जीव आधारित विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन प्रतियोगितायें आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। (स्पर्धाओं की सूची संलग्न है)। इन प्रतियोगिताओं/स्पर्धाओं का उद्देश्य प्रतिभागियों में पर्यावरण, वन एंव वन्यजीवों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त कराना तथा उनके प्रति अभिरूचि एवं जागरूकता उत्पन्न करना है।

अतः आप अपने विद्यालय से **निर्धारित** संख्या में छात्र/छात्राओं को विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराने का कष्ट करें।

धन्यवाद।

भवदीय

(राजेन्द्र कुमार सिंह I.F.S.)
निदेशक,
न0वा0अ0शा0प्राणि उद्यान लखनऊ

# लखनऊ प्राणि उद्यान में "वन्य प्राणि सप्ताह–2020"

| प्रतियोगिता की तिथि | समय | कार्यक्रम | ग्रुप |
|---|---|---|---|
| 01.10.2020 | | 1– मा0 मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह 2020 का उद्घाटन | आमंत्रित अतिथिगण |
| | प्रातः 10 से 03 बजे तक | 2–वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित निबंध प्रतियोगिता<br>**विषय– Exploring human-Animal Relationship** | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 |
| | अपराहन 01 से 03 बजे तक | 3– जस्ट ए मिनट वीडियो प्रतियोगिता<br>**विषय– Adoption scheme of Lucknow Zoo** | ओपिन |
| 02.10.2020 | प्रातः 11 से 11.45 तक | 1–वन्यजीवों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 |
| | अपराहन 01 से 03 बजे तक | 2– जस्ट ए मिनट वीडियो प्रतियोगिता<br>**विषय– Reptiles of U.P/Lucknow Zoo** | ओपिन |
| 03.10.2020 | प्रातः 11 से 11.45 तक | 1–तितलियों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 |
| | अपराहन 01 से 03 बजे तक | 2– जस्ट ए मिनट वीडियो प्रतियोगिता<br>**विषय– Birds of U.P/Lucknow Zoo** | ओपिन |
| 04.10.2020 | प्रातः 11 से 11.45 तक | 1–रेप्टाइल पर आधारित क्विज प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 |
| | अपराहन 01 से 03 बजे तक | 2–जस्ट ए मिनट वीडियो प्रतियोगिता<br>**विषय– Star animals of Lucknow Zoo** | ओपिन |
| 05.10.2020 | प्रातः 11 से 11.45 तक | 1–जलीय पक्षियों एंव वन्यजीवों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 |
| | अपराहन 01 से 03 बजे तक | 2–जस्ट ए मिनट वीडियो प्रतियोगिता<br>**विषय– Aquatic animals of U.P.** | ओपिन |
| | सांय 03:00 से 05.00 तक | 3–वन्यजीवों पर आनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता | ओपिन |
| 06.10.2020 | प्रातः 11 से 12 बजे तक | 1–वन्यजीव संरक्षण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 |
| | अपराहन 01 से 03 बजे तक | 2–जस्ट ए मिनट वीडियो प्रतियोगिता<br>**विषय– Butterfly Park of Lucknow** | ओपिन |
| 07.10.2020 | | मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण | आमंत्रित अतिथिगण |

**दिनांक 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2020 (वन्य प्राणि सप्ताह) के विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु नियम–**

**1– वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित निबंध प्रतियोगिता –**

वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित निर्धारित विषय **Exploring human-Animal Relationship** पर निबंध लिखना होगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी। छात्र हस्त लिखित निबंध पेपर पर लिख कर www.lucknowzoo.com पर दिये लिंक पर PDF Format पर दिनांक 01.10.2020 को प्रातः 10 से 03 बजे तक रजिस्ट्रेशन कर निर्धारित समय सीमा में अपलोड कर दें। निबंध फाइल का साइज 5MB से अधिक नहीं होना चाहिये। प्रत्येक वर्ग में प्राप्त प्रथम 100 निबन्ध ही प्रतियोगिता में शामिल किये जायेंगे।

| ग्रुप | शब्द |
|---|---|
| (अ) कक्षा–6 से 8 तक | 150 |
| (ब) कक्षा–9 से 12 तक | 225 |

**2– वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित जस्ट ए मिनट वीडियो प्रतियोगिता**

वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित जस्ट ए मिनट वीडियो प्रतियोगिता में वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित दिये गये विषय पर अधिकतम 60 सैकेंड का वीडियो बना कर www.lucknowzoo.com पर दिये लिंक पर वीडियो अपलोड करना होगा। वीडियो का साइज 25 MB से अधिक नही होना चाहिये। वन्यजीव एंव पर्यावरण पर आधारित जस्ट ए मिनट वीडियो प्रतियोगिता दिनांक 01.10.2020 से 06.10.2020 तक प्रतिदिन आयोजित की जायेगी तथा प्रतिदिन के विषय कार्यक्रम सूची में दर्शाये गये हैं। प्रतिभागी प्रतिदिन अपराहन 01 से 03 बजे तक वीडियो अपलोड करें तथा प्रतिदिन अधिकतम 50 प्रथम प्राप्त वीडियो ही प्रतियोगिता में शामिल किये जायेंगे।

**3– वन्य जीवों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता –**

वन्य जीवों से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। प्रतियोगी को वन्य जीवों एवं पर्यावरण विषयक जानकारी होना चाहिए। छात्र www.lucknowzoo.com पर दिये लिंक पर रजिस्ट्रेशन कर दिनांक 02.10.2020 को प्रातः 11 से 11:45 तक निर्धारित समय में क्विज हल कर सबमिट कर दें। प्रत्येक वर्ग में प्रथम 100 छात्र/छात्रायें ही प्रतियोगिता में शामिल हो पायेंगे।

यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी

(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

**4– तितलियों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता –**

तितलियों से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। छात्र www.lucknowzoo.com पर दिये लिंक पर रजिस्ट्रेशन कर दिनांक 03.10.2020 को प्रातः 11 से 11:45 तक निर्धारित समय में क्विज हल कर सबमिट कर दें।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी। प्रत्येक वर्ग में प्रथम 100 छात्र/छात्रायें ही प्रतियोगिता में शामिल हो पायेंगे।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी

(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

**5–रेप्टाइल पर आधारित क्विज प्रतियोगिता –**

रेप्टाइल से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। छात्र www.lucknowzoo.com पर दिये लिंक पर रजिस्ट्रेशन कर दिनांक 04.10.2020 को प्रातः 11 से 11:45 तक निर्धारित समय में क्विज हल कर सबमिट कर दें। यह प्रतियोगिता

निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी। प्रत्येक वर्ग में प्रथम 100 छात्र/छात्रायें ही प्रतियोगिता में शामिल हो पायेंगे।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी

(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

**<u>6– पंछियों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता –</u>**

पंछियो से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। छात्र www.lucknowzoo.com पर दिये लिंक पर रजिस्ट्रेशन कर दिनांक 05.10.2020 को प्रातः 11 से 11:45 तक निर्धारित समय में क्विज हल कर सबमिट कर दें। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी। प्रत्येक वर्ग में प्रथम 100 छात्र/छात्रायें ही प्रतियोगिता में शामिल हो पायेंगे।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी

(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

**<u>7– वन्य जीव पर आधारित ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता –</u>**

वन्य जीवों पर आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में वन्यजीव की कैमरे से स्वयं फोटों खींच कर www.lucknowzoo.com पर दिनांक 05.10.2020 को अपराहन 03:00 से 05:00 बजे के मध्य दिये गये लिंक पर फोटो अपलोड की जा सकती हैं। प्रत्येक फोटो का साइज 5 MB से अधिक नहीं होना चाहिए। फोटो JPG Format में ही अपलोड करें। एक प्रतिभागी अधिकतम 3 फोटो अपलोड कर सकता है। प्रतिभागियों द्वारा अपलोड प्रथम 200 फोटो ही स्वीकार की जायेंगी।

(क) ओपेन वर्ग

**<u>8–वन्य जीव संरक्षण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता–</u>**

प्रतिभागियों को वन्यजीव एंव पर्यावरण से संबधित ड्राइंग पेपर पर दिये गये विषय **Flora of Lucknow Zoo** पर स्लोगन बनाकर, फोटो खींच कर www.lucknowzoo.com पर दिये लिंक पर दिनांक 06.10.2020 को प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक फोटो अपलोड करना होगा। फोटो का साइज 5 MB से अधिक नही होना चाहिये।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी। प्रत्येक वर्ग में प्राप्त प्रथम 100 स्लोगन ही प्रतियोगिता में शामिल किये जायेंगे।

(अ) कक्षा–6 से 8 तक

(ब) कक्षा–9 से 12 तक

**<u>प्रतियोगिताओं हेतु अन्य नियम–</u>**

- प्रतियोगिताएं, कार्यक्रम सूची में उल्लिखित निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित की जायेगी। अतः प्रतिभागी प्रतियोगिता से संबंधित डाटा निर्धारित तिथि को निर्धारित समय पर वेबसाइट पर अपलोड करें।
- सर्वप्रथम प्रतिभागी को लखनऊ जू की वेबसाइट www.lucknowzoo.com पर जाकर Wildlife Week 2020 पर क्लिक कर उस दिन होने वाली प्रतियोगिताओं में से अपनी प्रतियोगिता तथा श्रेणी चयनित कर Student Registration Form भरना होगा जिसमें प्रतिभागी को निम्न विवरण देने होंगें–

  1–प्रतिभागी का नाम

  2–विद्यालय का नाम व पता

  3–कक्षा

  4–मोबाइल नम्बर

  5–Gmail पर बनी हुई ई–मेल आइडी।

  उक्त प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् कैप्चा कोड को भरकर Registration Form को सेव करें। तदोपरान्त सम्बन्धित प्रतियोगिता का डेटा अपलोड अथवा क्विज में बहुविकल्पीय प्रश्न का सही उत्तर चुनकर सलेक्ट कर सबमिट करना होगा। एक बार सबमिट होने के उपरान्त किसी भी प्रकार का संशोधन सम्भव नहीं होगा तथा समय

पूर्ण होने पर प्रतियोगिता स्वतः सबमिट हो जायेगी। प्रतियोगिता पूर्ण होने पर सम्बन्धित प्रतिभागी को दी गयी ई–मेल आइडी पर प्राप्ति सूचना भेज दी जायेगी।

- निर्णायक मण्डल का निर्णय निर्विवाद एवं अन्तिम होगा।
- प्रत्येक प्रतियोगिता के प्रत्येक वर्ग हेतु अधिकतम 3 पुरस्कार होंगे। आवश्यकता पड़ने पर अन्य पुरस्कार निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान के विवेक से निर्धारित किये जा सकते हैं।
- कार्यक्रम, नियम (यदि आवश्यक समझा जाये) में परिवर्तन करने का अधिकार निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान के पास सुरक्षित रहेगा।
- वन्य प्राणि सप्ताह के कार्यक्रमों से सम्बन्धित जानकारी प्राणि उद्यान की वेबसाइट www.lucknowzoo.com पर तथा प्राणि उद्यान के कार्यालय दूरभाष संख्या 0522–2239588, उप निदेशक मो0नं0–8005493602, एजूकेशन ऑफीसर मो0नं0–8005493607 तथा 8005493627 पर प्राप्त की जा सकती है।

**(राजेन्द्र कुमार सिंह I.F.S.)**
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान लखनऊ